**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 07.09.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – नई ऊर्जा के साथ भारत और फ्रांस निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।
2. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिलने पर मायाबंदर के शिक्षक जे. प्रकाश राव को अंडमान लॉ कॉलेज में सम्मानित किया गया।
3. एम.वी.स्वराज द्वीप का सितंबर–अक्टूबर यात्रा कार्यक्रम जारी हुआ, 9 सितंबर से टिकटों की अग्रिम बुकिंग होगी।
4. राजधानी श्री विजयपुरम् में दिनभर रुक–रुककर बारिश, द्वीप समूह में अगले पांच दिनों तक खराब मौसम की आशंका।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मिलकर दोनों देश विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह बात फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्वामी नारायण मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में कही। श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तथा जलवायु परिवर्तन तक, भारत और फ्रांस नई ऊर्जा और गति के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देश इस वर्ष को भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में मना रहे हैं।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने युवाओं से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ दृढ़ रुख अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उपराष्ट्रपति आज गुवाहाटी स्थित गौहाटी विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में काम करने की शपथ भी

दिलाई। उप राष्ट्रपतिने गौहाटी विश्वविद्यालय में 110 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न अवसंरचना विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

<><><><><><><>

मायाबंदर के पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक जे. प्रकाश राव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर अंडमान लॉ कॉलेज के छात्रों ने आज उनका अभिनंदन किया। कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने श्री राव को सम्मानित किया। इस अवसर पर जे. प्रकाश राव ने एक दिव्यांगजन के रूप में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन में आने वाली हर चुनौती को एक अवसर के रूप में लें और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 प्राप्त कर जे.प्रकाश राव ने अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह और पूरे शिक्षण समुदाय को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में देशभर के अड़तालीस स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया था।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के. चंद्रशेखरन ने कहा कि ए एन सी सी आई द्वीप समूह के विकास के लिए उपराज्यपाल और प्रशासन को पूरा सहयोग देगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नई प्रशासनिक व्यवस्था के तहत द्वीपों के विकास को और गति मिलेगी।

<><><><><><><>

विशाखापट्टनम से रवाना हुआ यात्री जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के कल सुबह 11 बजे श्री विजय पुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में कुल 616 यात्री सवार हैं। श्री विजय पुरम पहुंचने पर जहाज को हैड्डो जेट्टी पर लगाया जाएगा और यात्रियों को उतारा जाएगा।

उधर, एम.वी.स्वराज द्वीप का सितंबर और अक्टूबर माह का अस्थायी यात्रा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। जहाज 12 सितंबर, 24 सितम्बर और 22 अक्टूबर को श्री विजयपुरम से चेन्नई तथा 7 अक्टूबर को श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा जबकि 18 सितम्बर, एक अक्टूबर और 30 अक्टूबर को चेन्नई से श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान निर्धारित है। वहीं यह जहाज 14 अक्टूबर को कोलकाता से रवाना होगा। इन यात्राओं के लिए टिकटों की अग्रिम बुकिंग 9 सितंबर को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। सभी यात्राएं मौसम पर निर्भर रहेंगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत मायाबंदर शारीरिक माप और सहनशक्ति परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए शारीरिक माप और सहनशक्ति परीक्षा 09 सितम्बर से 15 सितम्बर तक मायाबंदर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस शारीरिक माप और सहनशक्ति परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को कहा है कि वे अपने प्रवेश पत्र और उम्मीदवार दिशानिर्देशों में निहित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और अपनी निर्धारित रिपोर्टिंग तिथि व समय से पहले स्थान पर पहुंच जाए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पद व श्रेणी के अनुसार आवश्यक सभी दस्तावेजों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी निर्धारित क्रम में व्यवस्थित कर लाएं। किसी भी उम्मीदवार को शारीरिक माप और सहनशक्ति परीक्षा में भाग लेने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके पास 17 मई 2026 को या उससे पहले निर्धारित वैध प्रमाणपत्र न हों। उम्मीदवारों से परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन या अन्य प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न लाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अगले पांच दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल रात साढ़े 11 बजे तक समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। ऐसे में मछुआरों को समुद्र में ना जाने की सलाह दी गई है। आज दिन भर राजधानी श्री विजयपुरम में रुक–रुककर जमकर बारिश हुई और आसमान पर बादल छाए रहे।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विषय में दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम की एक सीट रिक्त है। इस सीट पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग 9 सितंबर को सुबह साढ़े 9 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान के सेमिनार गैलरी में आयोजित की जाएगी। पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर मूल प्रमाण पत्रों के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

युवा शतरंज खिलाड़ी श्रीहान कर्माकर ने अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में अंडर–13 वर्ग में उपविजेता का खिताब हासिल कर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का नाम रोशन किया है। चेन्नई के जे.एन. स्टेडियम स्थित हॉल ऑफ चेस में आयोजित वियुगम चेस एकेडमी इंटरनेशनल फिडे रेटेड अंडर–1700 शतरंज टूर्नामेंट में श्रीहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से 11 सितंबर को श्री विजय पुरम में पांच किलोमीटर की 'रेड रन' मैराथन आयोजित की जाएगी। मैराथन सुबह छह बजे अंडमान क्लब के सामने से शुरू होगी। इसमें कॉलेज के करीब 90 छात्र और आम लोगों सहित लगभग 240 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। मैराथन का उद्देश्य एच आई वी और एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

पशुपालन विभाग ने हाल ही में कदमतला के किसानों को चूजे और बत्तख के बच्चे वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आय के अतिरिक्त स्रोत और पोषण संबंधी सहायता के रूप में बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में उन्नत किस्म की बैकयार्ड पोल्ट्री किस्मों की आपूर्ति करके टिकाऊ पोल्ट्री विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।

**<><><><><><><>**